पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>एनबीआरआई में पुष्प प्रदर्शनी का पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न</u>

<u>हमारे किसान भी पुष्प उत्पादन की तरफ ध्यान दें- राज्यपाल</u>

लखनऊः 7 फरवरी, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान द्वारा आयोजित 'रोज एण्ड ग्यालोडियस पुष्प प्रदर्शनी' में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पुष्प प्रकृति का दिया हुआ अनमोल तोहफा है। फूलों को देखकर कुछ देर के लिए लोग अपनी पीड़ा भूल जाते हैं। पुष्प प्रदर्शनी के माध्यम से अनेक प्रजाजियों के फूल देखने को मिलते हैं। फूल अब व्यावसायिक स्तर पर प्रयोग किये जाते हैं। हमारे किसान भी पुष्प उत्पादन की तरफ ध्यान दें। उन्होंने कहा कि फूलों की खेती को व्यापार और उद्योग से जोड़ा जाय जिससे किसान अधिक से अधिक लाभ अर्जित करें।

राज्यपाल ने लखनऊ की संस्कृति की प्रशंसा करते हुए कहा कि लखनऊ साहित्य नगरी के साथ-साथ क्रीडा, संगीत, नृत्य व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजनों के लिए जाना जाता है। आजकल लखनऊ में आनन्द का वातावरण है। लखनऊ महोत्सव के साथ-साथ पुष्प प्रदर्शनी का भी लोग आनन्द ले रहे हैं।

श्री नाईक ने इस अवसर पर एनबीआरआई के वैज्ञानिकों द्वारा तैयार की गयी हल्दी की उन्नत 'केसरी' का लोकार्पण किया तथा प्रदर्शनी में विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। राज्यपाल ने राजभवन में 27 एवं 28 फरवरी को आयोजित प्रादेशिक पुष्प प्रदर्शनी में सबको आमंत्रित भी किया।

कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डाॅ0 सी0एस0 नौटियाल ने स्वागत उद्बोधन दिया।

अंजुम/ललित/राजभवन(48/7)

सी.एस.आई.आर - राष्ट्रीय वनस्पति अनुसन्धान संस्थान
लखनऊ
NBRI
केसरी Kesari
उत्तर भारत के लिए हल्दी की उन्नत किस्म
Late senescence: Tolerance to low temperature
High yield potential (>35 t/ha fresh rhizomes)
Optimum quality - 1.16% Total curcuminoids
Tolerant to foliar diseases
Promising yield under partially sodic soil
Grows well under shade of trees, showing
promise as inter-crop in orchards

Council of Scientific & Industrial Research
National Botanical Research Institute, Lucknow